भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 3673
उत्तर देने की तारीखः 16.03.2020

निजी विद्यालयों की बढ़ती संख्या

†3673. श्री तालारी रंगैय्याः

क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में सरकारी विद्यालयों की अपेक्षा निजी विद्यालयों की संख्या अधिक है, और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान सरकार द्वारा खोले गए नए विद्यालयों की संख्या कितनी है; और

(ग) देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान निजी विद्यालयों को दी गई मान्यता/संबद्धता का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क): जी, नहीं। एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यूडाइज) 2017-18 (अनंतिम) के अनुसार देश में 1094537 सरकारी स्कूल, 84422 सहायता-प्राप्त, 322242 निजी स्कूल और 57740 अन्य स्कूल हैं।

(ख): गत तीन वर्ष में 43 जवाहर नवोदय विद्यालय (जेएनवी) और 88 केन्द्रीय विद्यालय (केवीएस) खोले गए हैं।

(ग): केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने सूचित किया है कि गत तीन वर्षों में 3961 निजी/स्वतंत्र स्कूलों ने सीबीएसई संबंधन प्राप्त किया है।

*****